न्यायालय जिला कलेक्टर (आरबीट्रेटर) टोंक

(चिन्मयी गोपाल आई0ए0एस0 द्वारा अध्यासित)

प्रकरण संख्या 103 / 2011

प्रविष्टि दिनांक 18.03.2011

श्रीमति प्रभा देवी पत्नि मोतीलाल मेहरा जाति कीर निवासी दूनी तहसील देवली जिला टोंक राज0

.... प्रार्थीया

बनाम

1–सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति,राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 12 (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) टोंक

2–परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण, परियोजना इकाई, नेशनल हाइवे नं0 12 टोंक।

.... अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 3(जी) (5)राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956

उपस्थित (1) श्री विजय पारीक, अभिभाषक प्रार्थीया

(2) श्री रामधन सैनी, व श्री दीपक शर्मा अभिभाषक अप्राथी संख्या–2

निर्णय

दिनांक 26.05.2022

प्रार्थना पत्र का सारांश इस प्रकार है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के निर्माण मे ग्राम मूण्डयाखुर्द तहसील देवली की भूमि ख0नं0 1023 मे से 400 वर्गमीटर का मुआवजा विपक्षीगण द्वारा गलत निर्धारण कर डीएलसी दर से कम दर पर निर्धारित किया गया है। प्रार्थीया सडक से सटी हुई भूमि एंव सिंचित भूमि की डीएलसी दर से मुआवजा राशि प्राप्त करने का अधिकारी हैं और भूमि पर लगे हुए पेड–पोधो का मुआवजा प्राप्त करने का अधिकारी है। अतः अवार्ड 2047 / 09 दिनांक 28.06.2010 को निरस्त कर सडक से सटी हुई भूमि, सिंचित भूमि एंव पेड–पोधो का मुआवजा दिलवाया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:20:36 IST
Reason: SelfAttested

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी [illegible] पत्रावली 2047 / 09 दिनांक 28.06.2010 तलब की गई एवं उभयपक्ष की बहस सुनी गई।

आर्बिट्रेटर N.H.–12
(जिला कलेक्टर)
टोंक (राज.)

अभिभाषक अप्रार्थी संख्या 2 ने जवाब प्रार्थना पत्र को ही लिखित बहस माने जाने का निवेदन किया। प्रस्तुत जवाब मे अंकित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के निर्माण हेतु प्रार्थीया की भूमि ख0नं0 1023 मे से कुल रकबा 400 वर्गमीटर वाके ग्राम मूण्डया खुर्द मे अवाप्त की गई है। अवाप्त भूमि का अधिनियम की धारा 3 ए के अन्तर्गत नोटिफिकेंशन जारी होने के पश्चात प्रार्थीया को 3 सी के अन्तर्गत आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त था,परन्तु प्रार्थीगण द्वारा कोंई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की जिसके पश्चात धारा 3 डी के अन्तर्गत नोटिफिकेंशन जारी किया गया तथा भूमि अन्तिम रूप से केन्द्र सरकार मे निहित हो गई। प्रार्थीगण को नोटिस जारी किया गया था,परन्तु प्रार्थीगण द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा बाजार भाव का आकंलन सब रजिस्टार द्वारा प्राप्त बाजार भाव मौके पर भूमि की स्थिति उपयोगिता का ध्यान रखते हुये मुआवजे की राशि का निर्धारण किया गया है। जमीन की किस्म बजड राजस्व रिकार्ड मे अंकित थी, प्रार्थीगण की भूमि सडक से सटी हुई नही है और ना ही भूमि पर पेड–पोधे है तथा सिंचित भी नही थी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा सर्म्पूण तथ्यो को मध्यनजर रखते हुये अवार्ड जारी किया है जो उचित है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है।

हमने बहस अभिभाषक प्रार्थीया व अभिभाषक अप्रार्थी संख्या–2 सुनी। जवाब/लिखित बहस का अवलोकन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात अवार्ड पत्रावली तथा अप्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब/लिखित बहस का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 अति0 जिला कलेक्टर टोंक द्वारा प्रार्थीया की भूमि ख0नं0 1023 मे से 400 वर्गमीटर,किस्म जमीन बजड वाके ग्राम मूण्डया खुर्द का अधिनियम की धारा 3 (ए) व 3 (डी) अनुसार मुआवजे का निर्धारण नियमानुसार किया गया है। प्रार्थीया द्वारा अवाप्तशुदा भूमि का मुआवजा सडक से सटी हुई भूमि, भूमि पर लगे हुए पेड–पोधो तथा सिंचित भूमि की डी0एल0सी0 दर से चाहा गया है,परन्तु उनके द्वारा इसकी तायद मे कोई साक्ष्य–सबूत पेश नहीं किया है। अतः प्रार्थना पत्र सारहीन व तथ्यहीन होने से खारिज किया जाता है। तलबिदा रिकार्ड मय निर्णय प्रति सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–12 अतिरिक्त जिला कलेक्टर, टोंक को प्रेषित किया जावे।

निर्णय आज दिनाक 26.05.2022 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Chinmayee Gopal
Date: 2023.02.04 16:20:36 IST
Reason: SelfAttested

एन.एच.–12